दिनांक : 19 सितम्बर, 2023

प्रेस विज्ञप्ति
नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ में दिनांक 2 से 8 अक्टूबर, 2023 तक मनाये जाने वाले वन्य प्राणि सप्ताह–2023 के अन्तर्गत दिनांक 4 से 6 अक्टूबर, 2023 तक फोटोग्राफी कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यशाला में जनपद के जाने–माने छायाकार भी प्रतिभाग करेंगे जो फोटोग्राफी करने से सम्बन्धित अहम तथ्यों के साथ–साथ कैमरे के उपकरणों के विषय में जानकारी प्रदान करेंगे। उक्त कार्यशाला में इच्छुक प्रतिभागी दिनांक 4,5 एंव 6 अक्टूबर, 2023 को कार्यशाला हेतु अपना रजिस्ट्रेशन उसी समय करवा कर कार्यशाला में प्रतिभाग करने हेतु जनपद के सभी छायाकार सादर आमंत्रित हैं। प्राणि उद्यान में भ्रमण करने आने वाले दर्शकों से भी अनुरोध है कि उक्त कार्यशाला में आकर फोटोग्राफी करने से सम्बन्धित एवं उसके उपकरणों के विषय में जानकारी प्राप्त करने हेतु एक खुला मंच प्राणि उद्यान, लखनऊ उपलब्ध करवा रहा है। कार्यशाला को सफल बनाने हेतु आप सभी का सहयोग अपेक्षित है।

वन्य प्राणि सप्ताह–23 के अवसर पर प्राणि उद्यान, लखनऊ पर आधारित एक शार्ट फिल्म/डॉक्यूमेन्ट्री, जो कि अधिकतम 2–3 मिनट की हो, की प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में देश–प्रदेश के सभी व्यक्ति प्रतिभाग कर सकते हैं। वही शार्ट फिल्म/डॉक्यूमेन्ट्री स्वीकार की जाएंगी जो प्राणि उद्यान, लखनऊ में ही शूट की गयी हो। शार्ट फिल्म/डॉक्यूमेन्ट्री प्राणि उद्यान, लखनऊ की ई–मेल lkozoowildlifeweek2023@gmail.com पर भेज सकते है। शार्ट फिल्म/डॉक्यूमेन्ट्री स्वीकार करने की अन्तिम तिथि दिनांक 28 सितम्बर, 2023 को सांय 05:00 बजे तक है, उसके उपरान्त भेजी गयीं प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

(–ह0–)
(अदिति शर्मा)
निदेशक
नवाब वाजिद अली शाह
प्राणि उद्यान, लखनऊ